### एक नजर में

## सारंगी मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकला



**सारंगी..** संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में संपूर्ण राष्ट्र में संघ के निकल रहे पथ संचलनो की श्रृंखला में सारंगी में भी भव्य पथ संचलन निकला..जिसमें सारंगी नगर और मण्डल के सभी गांवों से स्वयंसेवक शामिल हुए .श्री विजयादशमी उत्सव पथ संचलन में वक्ता के रूप में संघ के प्रचारक एवं रतलाम विभाग धर्म जागरण प्रमुख श्री नमित जी भाईसाब आए..उन्होंने अपने उद्बोधन में संघ के प्रारंभ का वर्णन करते हुए बताया कि किस तरह संघ ने हिंदू समाज का संगठन करने का संकल्प धारण किया और आज 100 वर्ष पूर्ण कर रहा हैं .उन्होंने हिंदू समाज को भी साधुवाद देते हुए कहा यह हिंदू समाज का ही समर्पण है कि इस तरह के आयोजन संघ कर पा रहा हैं . अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष में संघ ने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया है स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं कुटुंब प्रबोधन..संघ के इन पांचों आग्रहों का विस्तार से वर्णन किया. संचलन में घोष के साथ कदमताल करते हुए निकले ,स्वयंसेवकों का नगर में हर घर से स्वागत किया ओर कई जगह सामुहिक रूप से स्वागत मंच सजा कर स्वागत किया जिसमें नगर के आदिवासी समाज के युवाओं ने मंच से स्वागत किया, व्यापारी वर्ग,व व्यापारियों के प्रतिष्ठानों से ओर भारतीय पत्रकार संघ ने भी मंच लगा कर स्वागत किया। सारंगी के छात्रावास मैदान से प्रारंभ होकर भैरवनाथ बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, सदर बाजार, बस स्टैंड एवं चौपाटी होते हुए मंडी प्रांगण में समापन हुआ ।

## लक्ष्मीबाई मार्ग में मिला पटाखों का अवैध भंडारण, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफतार



**झाबुआ।** शहर के लक्ष्मीबाई मार्ग में अवैध पटाखों का भंडार पुलिस ने पकड़ा है। शहर के बीच रहवासी इलाके में 14 अक्टूबर, मंगलार दोपहर एक घर पर अवैध रूप से पटाखे रखे हुए थे। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आरसी भास्करे के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची और यहां रहने वाले विशाल मोहबिया के घर दबिश दी। इस दौरान उसके घर से बड़ी मात्रा में पटाखे मिले। जिसे जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कृषि शिक्षा की ओर प्रेरित हुए विद्यार्थी ,कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर का शैक्षणिक भ्रमण

**आलीराजपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरवा (विकासखंड कठ्ठिवाड़ा) के कक्षा 12वीं के कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर (राजमाता विजय राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध) का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।**



कार्यक्रम की शुरुआत कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राकेश कुमार यादव तथा तकनीकी अधिकारी श्री मुकेश बेनेल द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत एवं संवाद सत्र से हुई। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए क्क्ज्ञ (प्री एग्रीकल्चर टेस्ट) की तैयारी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को शासकीय कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त कर छात्र कृषि विभाग में शासकीय पदों पर सेवा दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर बल देते हुए कहा — ۠जब तक विद्यार्थी अपने लक्ष्य निर्धारित नहीं करता, सफलता दूर रहती है।

तत्पश्चात तकनीकी अधिकारी श्री मुकेश बेनेल ने छात्रों को कृषि से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसे सहायक व्यवसाय अपनाने चाहिए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को क्क्ज्ञ परीक्षा की तैयारी हेतु पुराने प्रश्नपत्रों के अध्ययन और अभ्यास की सलाह दी ।सत्र में उन्नतशील बीज, खाद एवं कीटनाशक दवाओं, तथा बीजों के प्रकारों — न्यूक्लियस सीड, प्रजनक सीड (फाउंडेशन सीड) और सर्टिफाइड सीड (प्रमाणित बीज) — की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त मिट्टी परीक्षण, बीज प्रदर्शन, कड़कनाथ मुर्गी पालन, मछली पालन, एजोला, वर्मी कंपोस्ट, हल्दी की खेती तथा बहुमंजिली (पैशन फ्रूट) खेती का भी प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया ।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न कृषि गतिविधियों का निरीक्षण कर अपने नोट्स तैयार किए ।इस अवसर पर शैक्षणिक भ्रमण के प्रभारी श्री शंकर हरवाल (विज्ञान शिक्षक), सहयोगी शिक्षक श्री मुकेश कलेश (एमएससी हॉर्टिकल्चर), अतिथि शिक्षक नीलम गवले (अंग्रेज़ी) सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।



## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए गुणवत्ता और समय सीमा पालन के निर्देश

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। बैठक में पीआईयू, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जल निगम, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान कलेक्टर माथुर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन भवनों एवं अधूरे कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता एवं क्रॉस-चेकिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि कार्यों की टिकाऊपन और विश्वसनीयता बनी रहे। कलेक्टर ने विशेष रूप से संदीपनी विद्यालय तथा बालक एवं कन्या छात्रावासों के निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी सत्र में विद्यार्थियों को इन भवनों का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन निर्माण एजेंसियों द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया, उन्हें नोटिस जारी कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए कहा जाए।

# सायबर सुरक्षा और यातायात जागरूकता का अनूठा संगम

- विद्यार्थियों को ठगी से बचाव और सुरक्षित ड्राइविंग के गुर सिखाए




**आलीराजपुर। राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत आलीराजपुर पुलिस द्वारा जिलेभर में सायबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को लेकर जन-जागरूकता अभियान निरंतर जारी है।**

**तकनीक के इस युग में जहां एक क्लिक पर पूरी दुनिया की जानकारी उपलब्ध है, वहीं ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों का खतरा भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहा है — इसी संदेश को लेकर पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।**

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत *Indian Cyber Crime Coordination Centre (IyC)* द्वारा अक्टूबर माह को ۠राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह۠ के रूप में मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकप्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में यह अभियान व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप ले चुका है।

आज सीएम राइज़ स्कूल, ग्राम खण्डाला में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सायबर सेल टीम, महिला थाना प्रभारी श्रीमती मनोरमा सिसोदिया, प्रआर. दिलीप चौहान एवं यातायात थाना प्रभारी अर्जुन वास्कले ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, बैंकिंग ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा, ओटीपी शेयरिंग के खतरे तथा यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सायबर अपराध की शिकायत करने के लिए उपयोगी माध्यम भी बताए — *www.cybercrime.gov.in* पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि युवाओं में डिजिटल नागरिकता और सड़क सुरक्षा की संस्कृति को विकसित करना है। पुलिस विभाग द्वारा यह पहल सायबर जागरूकता के साथ-साथ सुरक्षित यातायात के संदेश को समाज में गहराई तक पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।





Visit us in **INDORE**: Geetan Bhawan, A.B. Road - MEHTA AUTOMOBILES, 9039091414 | Airport Road - V.N. MOTORS, 7428443917 | Bhawarkua - SAPNA SANGEETA MOTORS, 7428443983 | Malwa Mill - SAPNA SANGEETA MOTORS, 7428443983 |Lakshya Automobiles, 092899 23176 | **DEWAS:** KHURANA MOTORS, 080-48247251 | **DHAR:** SAKSHI AUTOMOBILES, 09289922618| Raghuanshi Automobiles, 092899 23047 | Annapurna Motors, 092899 22749